Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **जिला डूंगरपुर में आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली के लिए दलाल भुपेन्द्र कुमार परमार बैंक मित्र मुख्य शाखा राजस्थान ग्रामीण बैंक डूंगरपुर को 45,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 13 अक्टूबर, सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, डूंगरपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर के लिए (दलाल) भुपेन्द्र कुमार परमार बैंक मित्र मुख्य शाखा राजस्थान ग्रामीण बैंक डूंगरपुर** को परिवादी से **45,000/-रूपये** रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, डूंगरपुर को दिनांक 07.10.2025 को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी व उसके भाई एवं मां के नाम से राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली से कृषि भुमि के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण लेने के लिए अलग-अलग कुल 11 लाख रूपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। जो ऋण पास कराने के लिए परिवादी बैंक मैनेजर अभिमन्यु कुमार सिंह से मिला तो परिवादी के ऋण के 02 लाख रूपये दिये व 02 लाख रूपये बाकी रखे व कहा कि तुम्हारे परिवार वालो के मैनें जो 11 लाख रूपये का ऋण पास किया है उसके लिए मैं पचास हजार रूपये लुंगा जो 50 हजार रूपये लेने के लिए मेरे मिलने वाले व्यक्ति का आपके पास फोन आयेगा उसे दे देना। बैंक मैनेजर द्वारा परिवादी का ऋण स्वीकृत करने की एवज में 50 हजार रूपये कि रिश्वत की मांग की जा रही है।

जिस पर ए.सी.बी. रेंज उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री प्रहलाद सिंह कृष्णिया,** के सुपरविजन में ए.सी.बी. डूंगरपुर के **उप अधीक्षक पुलिस श्री रतनसिंह राजपुरोहित** के निर्देशन में आज **पुलिस निरीक्षक श्री राजेन्द्रसिंह** मय टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह हाल प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर के लिए दलाल भुपेन्द्र कुमार हाल बैंक मित्र मुख्य को परिवादी से अपनी मांग अनुसार 45,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों पकडकर रिश्वत राशि बरामद की गई व आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रबंधक राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा मेताली जिला डूंगरपुर को भी डिटेन किया गया।

ए.सी.बी. द्वारा आरोपीगणों से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है।